शिवराज विदिशा और सांची विधानसभा क्षेत्र में होली मिलन समारोह और रंग पंचमी में हुए शामिल

# मेरे लिए जनता की सेवा ही भगवान की पूजा है, हमेशा आप सबकी सेवा करूंगा

**भोपाल (काप्र)। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रंगपंचमी के अवसर पर विदिशा और सांची विधानसभा के सलामतपुर व बेसर गांव में आयोजित होली मिलन समारोह में शिरकत की। इस दौरान चौहान ने देश व प्रदेशवासियों को रंगपंचमी की बधाई व शुभकामनाएं दी।**

उन्होंने कहा कि, आनंद, उत्साह और रंगों का ये पावन पर्व सबके जीवन में सुख-समृध्दि, शांति और खुशहाली लाए। साथ ही पूर्व सीएम शिवराज ने आमजन के साथ जमीन पर बैठकर मंजीरा बजाया, फाग के गीत गुनगुनाएं और भजन भी गाया। साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि, विदिशा-रायसेन संसदीय क्षेत्र को आदर्श लोकसभा क्षेत्र बनाना है। मैं यहां हर शहर, हर गांव को आदर्श बनाने और विकास में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, मैंने बचपन में देखा था कि, बहनों के जीवन में बड़ा दुख और तकलीफ होती थी। बेटा-बेटी में भेद किया जाता था। उस वक्त मुझे लगा कि, बहनों और बेटियों के जीवन को संवारने के लिए कुछ करना होगा। जब मैं सांसद बना तो बेटियों की शादी करवाना शुरू किया। फिर मुख्यमंत्री बना तो सबसे पहले लाड़ली लक्ष्मी योजना शुरू की क्योंकि बेटी को बोझ नहीं वरदान है। फिर कन्या विवाह योजना और उसके बाद लाड़ली बहना योजना आई जिसने बहनों का जीवन बदल दिया। अब प्रधानमंत्री श्रीमान नेरेन्द्र मोदी जी का भी लक्ष्य है कि, बहनों को लखपति बनाना है। लखपति दीदी मतलब हर बहन की सालाना आय 1 लाख रूपए से ज्यादा हो। बहनों के जीवन में रोशनी लाना ही मेरे जीवन का मिशन है, जब तक सांस चलेगी तब तक बहन-बेटियों के कल्याण के लिए काम करता रहूंगा।



पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जब से विदिशा-रायसेन संसदीय क्षेत्र में चुनाव प्रचार शुरू किया है, तब से उन्हें चुनाव लड़ने के लिए लगातार पैसें और गुल्लक भेंट की जा रही हैं। वो जहां भी जाते हैं बहनें उनका तिलक लगाकर स्वागत करती हैं और आशीर्वाद देते हुए उनके हाथ में पैसे रख देती हैं। वहीं भांजे-भांजियां भी शिवराज सिंह चौहान को पैसों से भरे अपने गुल्लक भेंट कर रहें हैं, जब शिवराज पूछते हैं कि, ये पैसे या गुल्लक क्यों दे रहे हो तो जवाब मिलता है कि, हमारे भैया, हमारे मामा को चुनाव लड़ने और जीतने के लिए हम ये पैसे दे रहे हैं।

शनिवार को भी सांची विधानसभा के सलामतपुर और बेसर गांव में नन्हें बच्चों ने अपने मामा को गुल्लक भेंट किए। इस दौरान पूर्व सीएम ने कहा कि, बहनों, बच्चों का ये अपार स्नेह, प्यार और आशीर्वाद ही मेरे जीवन की पूंजी है। पूर्व मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक सम्पन्न और समृध्द विकसित भारत का निर्माण हो रहा है। मोदी ने पिछले 10 सालों में अद्भुत काम किया है, हमारा देश तेज़ गति से विकास कर रहा है। मोदी जी ने एक-एक कर सभी मुद्दे हल कर दिए हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि, मोदी जी के नेतृत्व में ही विकसित भारत का भी निर्माण होगा और भारत विश्व गुरू बनेगा। इसलिए विदिशा संसदीय सीट से सबसे सुंदर और खिला हुआ कमल की फूल मोदी जी को भेंट करना है और उन्हें तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाना है।

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार सुबह सांची विधानसभा के ग्राम सलामतपुर और बेसर गांव में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होने रवाना हुए। इस बीच रास्ते में शिवराज सिंह चौहान का फूलों की बौछारों से जमकर स्वागत किया गया।

हर जगह चौहान को बहनों ने सिर पर हाथ रख आशीर्वाद दिया और उनके साथ रंगपंचमी भी मनाई। बहनों ने अपने भैया के माथे पर गुलाल का टीका लगाया और उनके हाथ में पैसे थमा दिए। वहीं मामा-मामा पुकारते हुए बच्चें शिवराज से लिपट गए और उन्हें गुलाल लगाया। चौहान ने भी अपनी बहनों के पैर छूंकर आशीर्वाद लिया और बच्चों को गले से लगाकर दुलार किया। इस दौरान पूर्व सीएम ने आमजन के साथ जमीन पर बैठकर मंजीरा बजाया और मेरी बहू हिरानी वाला प्रसिद्ध गीत गाया। साथ ही ग्राम बेसर गांव में भोजन का आनंद लिया।

# शरीर में न होने दें पानी की कमी

**भोपाल (काप्र)।** सावधान! बीते तीन-चार दिनों से गर्मी ने अपने तेवर अचानक दिखाना शुरू कर दिए हैं। दिन में कड़ाके की धूप से लोगों की हालत खराब हो रही है।

लोग धूप में जाने से तो बचने लगे हैं, परंतु मौसम के अनुसार अभी अपने खानपान और रहन-सहन में बदलाव नहीं कर रहे हैं। नतीजतन डाक्टरों के पास डिहाइड्रेशन की समस्या से संबंधित मरीज पहुंचने लगे हैं। डाक्टरों के अनुसार हो यह रहा है कि लोगों में पानी पीने की आदत कम होती जा रही है, इस कारण पानी की कमी से कई तरह की दिक्कतें पैदा हो जाती हैं। गर्मी बढ़ते ही लोग इन समस्याओं से जूझने लगे हैं। लोग गर्मी बढ़ते ही बिना सोचे-समझे पानी की मात्रा बढ़ा देते हैं। मगर भागदौड़ भरी जिंदगी में केवल सादा पानी से शरीर की जरूरतों की पूर्ति नहीं होती। अतः गर्मी बढ़ती देख सतर्क हो जाएं तथा स्वयं को डिहाइड्रेशन से बचाएं।

डाइटीशियन का कहना है कि केवल सादा पानी पीने से शरीर में पानी की कमी दूर नहीं होती। दरअसल पसीना और यूरीन के जरिए शरीर से केवल पानी ही नहीं बल्कि इलेक्ट्रोलाइट भी बाहर निकल जाता है। ऐसे में गर्मियों के दौरान अतिरिक्त सावधानी बरतते हुए पानी के साथ-साथ शरीर में इलेक्ट्रोलाइट भी पहुंचाना चाहिए।

चिकित्सकों के मुताबिक इलेक्ट्रोलाइट अर्थात शरीर के लिए आवश्यक एक तरह के खनिज होते हैं। शरीर को काम करते रहने के लिए इनकी हमेशा जरूरत होती है। हमारा शरीर हमारे द्वारा खाए जाने वाले भोजन और पिए जाने वाले पानी से मिलकर इलेक्ट्रोलाइट्स बनाता है। यह इलेक्ट्रोलाइट्स पूरे शरीर में फैलकर शरीर के कार्यों के लिए इलेक्ट्रिक एनर्जी प्रदान करते हैं।

इसका काम होता है शरीर में पानी के संतुलन को बनाए रखना, कोशिकाओं में पोषक तत्व को पहुंचाना, अपशिष्ट पदार्थों को बाहर निकालना, तंत्रिकाओं को सिग्नल भेजने में मदद करना, मांसपेशियों को आराम देना, मस्तिष्क और हृदय की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाए रखना आदि। सोडियम, पोटैशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम, फास्फेट, क्लोराइड जैसे तत्व इलेक्ट्रोलाइट्स को व्यवस्थित रखने में सहायक माने जाते हैं।

संतनगर में हुरियारों उड़ाया रंग-गुलाल

# हरि चेतन व आशाराम आश्रम में फूलों संग खेली होली



**भोपाल (हिनप्र)।**

रंगपंचमी पर जहां संतनगर में हुरियारों ने होली खेली। वह आसपास के आश्रमों पर फूलों से होली और पलाश के रंग से होली खेली गई। पर्व के चलते समूचे संतनगर बाजार में कारोबारी गतिविधियां बंद रहीं।

ग्राम कोलूखेड़ी के हरि चेतन आश्रम रंग पंचमी पर मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सत्संग, भजन और फूलों संग रंग खेला गया। नरेश पारदासानी ने सत्संग सभा में कहा कि मनुष्य जीवन में सुख हो या दुःख हो हमें हमेशा प्रभु को याद रखना चाहिए,अच्छे कर्म करने चाहिए। यहां स्कॉन मंदिर भोपाल से आए संतों ने भक्ति रस से सराबोर किया। कार्यक्रम में सिंधी समाज की विभिन्न व्यापारिक, सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं एवं विशिष्ठजनों ने हिस्सा लिया।

### पलाश के रंग से खेला रंग

संत आशाराम बापू आश्रम में रंगों का त्योहार रंगपंचमी वैदिक तरीके से मनाया गया। आशाराम बापू द्वारा कई वर्ष पूर्व पलाश के फूलों से रंग बनाकर होली खेलने की परंपरा प्रारंभ की गई थी। बापू के भक्त देश भर में पलाश के रंगों से ही होली खेलते हैं। गांधीनगर स्थित आशाराम आश्रम में बड़ी संख्या में भक्तों ने पलाश के रंग से रंग खेला। एक-दूसरे के ऊपर पलाश का रंग डाला और भजनों पर नृत्य किया। कार्यक्रम में बापू के भक्तों के अलावा आसपास के लोग भी सम्मिलित हुए।



## पेज एक से जारी खबरों के शेष...

### राष्ट्रपति ने किया...

है। उन्होंने कहा कि उनके उल्लेखनीय योगदान तथा प्रयासों ने भारत को खाद्य उत्पादन में संघर्ष से आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित किया। मैं कामना करता हूं कि उन्हें दिया गया भारत रत्न कृषि और खाद्य सुरक्षा में अनुसंधान करने के लिए अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित करे। सरकार ने इस साल राव, सिंह, ठाकुर और स्वामीनाथन के अलावा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिग्गज नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री एल के आडवाणी को भी भारत रत्न पुरस्कार देने की घोषणा की थी।

### आप सभी के...

मेरी शुभकामना है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद एवं मप्र शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व शहरवासियों के साथ रथ पर सवार होकर गुलाल की वर्षा की एवं शुभकामनाएं देकर रंगपंचमी का उत्सव मनाया।

### राजनाथ की अध्यक्षता...

एंटनी शामिल हैं। बीजेपी ने पिछले माह लोकसभा चुनाव के लिए अपने घोषणा पत्र को तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की थी। पार्टी ने लोगों से सुझाव मांगने के लिए अलग-अलग इलाकों में रथ भी रवाना किए थे। बीजेपी अपने घोषणा पत्र को 'संकल्प पत्र कहती है। सूत्रों के मुताबिक, इस बार का घोषणा पत्र गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है। पार्टी का इस बार का घोषणा पत्र 2047 तक देश को विकसित बनाने की योजना पर भी आधारित होगा। सूत्रों के मुताबिक 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान से पहले पार्टी अपना घोषणा पत्र जारी कर सकती है। भाजपा अपने घोषणा पत्र को संकल्प पत्र कहती है। सूत्रों के मुताबिक, इस बार का घोषणा पत्र गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है। पार्टी का इस बार का घोषणा पत्र 2047 तक देश को विकसित बनाने की योजना पर भी आधारित होगा। सूत्रों के मुताबिक 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान से पहले पार्टी अपना घोषणा पत्र जारी कर सकती है।

### रामलीला मैदान में...

पूरा हो गया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने रैली को लेकर एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सहित अन्य वरिष्ठ नेता रैली को संबोधित करेंगे। उन्होंने ब्योरा दिए बिना कहा कि हमें शुक्रवार को आयकर विभाग के दो और नोटिस मिले। रमेश ने कहा कि रैली का सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य संविधान की रक्षा करना है, जो उनके अनुसार खतरे में है क्योंकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता कह रहे हैं कि वे इसे फिर से लिखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि रैली किसी एक व्यक्ति की रक्षा के लिए नहीं बल्कि संविधान की रक्षा के लिए है। रमेश ने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव सीताराम येचुरी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के महासचिव डी राजा, नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता फारूक अब्दुल्ला, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, द्रमुक के तिरुचि शिवा, टीएमसी के डेरेक ओ ब्रायन समेत अन्य लोग रैली में हिस्सा लेंगे। दिल्ली कांग्रेस प्रमुख अरविंदर सिंह लवली और कांग्रेस के दिल्ली प्रभारी दीपक बाबरिया ने कहा कि लोकतंत्र पर खतरों के विरोध में एक विशाल रैली आयोजित की जाएगी। रमेश ने कहा कि यह कोई व्यक्ति विशेष की रैली नहीं है। इसीलिए इसे लोकतंत्र बचाओ रैली कहा जा रहा है। यह किसी एक पार्टी की रैली नहीं है, इसमें करीब 27-28 पार्टियां शामिल हैं। इंडिया गठबंधन के सभी घटक इस रैली में हिस्सा लेंगे। रमेश की यह टिप्पणी इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है कि आम आदमी पार्टी (आप) के नेता इस रैली को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किए जाने के विरोध में आयोजित रैली के रूप में पेश कर रहे हैं। रमेश ने कहा कि 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) ने 17 मार्च को मुंबई में अपना लोकसभा चुनाव का बिगुल फूंका था और यह रैली उसका दूसरा चुनावी बिगुल होगी।

### मोदी आज मेरठ...

की पहली रैली है। कार्यकर्ताओं का सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री क्रांति धरा मेरठ से चुनावी अभियान की शुरुआत करने जा रहे हैं। मेरठ के एक अधिकारी ने बताया कि मेरठ में 31 मार्च को प्रधानमंत्री की प्रस्तावित रैली के मद्देनजर सुरक्षा के लिए जिलाधिकारी दीपक मीणा ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत रैली स्थल के आठ किमी के दायरे में हवाई प्रदर्शन, ड्रोन, पतंग या गुब्बारे उड़ाना प्रतिबंधित कर दिया है। जिलाधिकारी ने सभी थानाध्यक्षों को आदेश दिए हैं कि वह अपने क्षेत्रों में आदेशों का सख्ती से पालन कराएं। मेरठ में भाजपा ने इस बार रामानंद सागर कृत धारावाहिक रामायण में राम की भूमिका निभाने के बाद विख्यात हुए अभिनेता अरुण गोविल को अपना उम्मीदवार बनाया है। एक राजनीतिक जानकार ने बताया कि अयोध्या में भगवान श्रीरामलला की मूर्ति इसी वर्ष 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा करने के बाद मोदी राज्यि में अपने चुनावी अभियान की शुरुआत भी अरुण गोविल के क्षेत्र से कर रहे हैं, जो राम की भूमिका निभाने के बाद पूरे देश में आदर के साथ पहचाने जाते हैं। अरुण गोविल भी प्रधानमंत्री के मंच पर मौजूद रह सकते हैं। जाट बहुल पश्चिम उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) का प्रभाव है और अभी हाल ही में रालोद भाजपा नीत राजग में शामिल हो गया। भाजपा और रालोद ने मोदी की रैली के लिए व्यापक तैयारी की है। भाजपा की जिला इकाई के प्रमुख शिवकुमार राणा ने बताया कि केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान के मैदान पर रविवार शाम साढ़े तीन बजे होने वाली प्रधानमंत्री की रैली में बसों, कारों और ट्रैक्टर के जरिए भारी भीड़ जुटने की संभावना है। भाजपा के सहयोगी रालोद के प्रवक्ता आतिर रिजवी ने बताया कि रालोद मुखिया चौधरी जयंत सिंह भाजपा के साथ मंच साझा करेंगे।

### कांग्रेस रोजगार क्रांति...

करेगी। उन्होंने कहा कि पहली नौकरी पक्की के तहत पार्टी सभी शिक्षित युवाओं को प्रति वर्ष 1 लाख रुपये पर एक वर्ष की प्रशिक्षुता का अधिकार प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि पेपर लीक से मुक्ति गारंटी के तहत पार्टी सभी पेपर लीक को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए एक कानून लाएगी। खरगे ने बताया कि पार्टी ने गिग वर्कर्स के लिए बेहतर कामकाजी परिस्थितियों और सामाजिक सुरक्षा तथा युवाओं के लिए 5,000 करोड़ रुपये के 'स्टार्टअप कोष' का भी वादा किया है। अस्थायी कर्मचारियों या ठेके पर काम करने वाले कर्मचारियों को 'गिग वर्कर' कहा जाता है। कांग्रेस ने अपना लोकसभा चुनाव पांच न्याय - नारी न्याय, युवा न्याय, श्रमिक न्याय, किसान न्याय और हिस्सेदारी न्याय - के तहत 25 गारंटी पर केंद्रित रखा है। उसने सत्ता में आने पर इन्हें तुरंत लागू करने का वादा किया है।

### हाईकोर्ट के फैसले...

को चुनौती दी थी। एमिकस क्यूरी अकबर अहमद और अन्य अधिवक्ताओं ने कोर्ट में इस मामले में अपना पक्ष रखा। जस्टिस विवेक चौधरी और जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की डिवीजन बेंच ने आदेश भी जारी किया। हाईकोर्ट का ये फैसला दायर उस रिट याचिका पर आया, जिसमें यूपी मदरसा बोर्ड की शक्तियों को चुनौती दी गई।

## खजुराहो सीट पर सपा ने मनोज यादव को बनाया प्रत्याशी

भोपाल(काप्र)। मध्यप्रदेश की खजुराहो लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी ने डॉ. मनोज यादव को प्रत्याशी बनाया है। बता दें कि कांग्रेस ने गठबंधन के तहत खजुराहो सीट सपा के लिए छोड़ी है। कांग्रेस प्रदेश की 29 में से 28 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। वहीं खजुराहो सीट पर सपा ने अपना प्रत्याशी उतारा है। बीजेपी ने इस सीट पर प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष वीडी शर्मा को उम्मीदवार बनाया है।

बता दें कि मनोज यादव को सपा ने 2023 के विधानसभा चुनाव में छतरपुर जिले की बिजावर सीट से उम्मीदवार बनाया था। लेकिन भाजपा की पूर्व विधायक रेखा यादव ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव से मुलाकात कर चुनाव लडने् की इच्छा जताई थी। जिसके बाद सपा ने मनोज यादव का टिकट काटकर रेखा को उम्मीदवार घोषित कर दिया था। बाद में भाजपा नेताओं के समझाने पर रेखा ने नामांकन वापस ले लिया था। मनोज यादव का विधानसभा चुनाव में टिकट कटने के एवज में लोकसभा का उम्मीदवार बनाया गया है।

## आधी आबादी पर मप्र के मतदाताओं को विश्वास नहीं

भोपाल (काप्र)। महिला आरक्षण बिल लोकसभा और राज्यसभा से पास होने के बाद कानून बन चुका है। हालांकि, यह नए परिसीमन के बाद 2029 के चुनाव से लागू होगा। लेकिन अब राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी है कि वे कितने महिला उम्मीदवारों को टिकट देकर चुनाव मैदान में खड़ा करती हैं। यदि हम मध्य प्रदेश में हुए 1957 से 2019 तक के लोकसभा चुनाव में महिला उम्मीदवारों के चुनाव में खड़े होने और विजयी होने के एक समग्र परिदृश्य को देखें तो हालात कुछ और ही देखने को मिलते हैं।

1957 से 2019 तक प्रदेश में लोकसभा चुनाव में 377 महिला उम्मीदवार चुनाव मैदान में खड़ी हुई हैं, इसमें 59 महिलाएं विजयी रही हैं। यानि महिला प्रत्याशियों में से विजयी होने का प्रतिशत मात्र 15.65 रहा है। जाहिर है लोकसभा चुनाव में 84.35 प्रतिशत पुरुषों की जीत हुई।प्रदेश से महिला मतदाता अब निर्णायक भूमिका में हैं और महिला मतदान पहले की अपेक्षा अधिक होने लगा है। प्रदेश में 1957 से पिछले चुनाव यानी 2019 तक सर्वाधिक महिला उम्मीदवार खजुराहो में 27, भोपाल में 23, रायगढ़ में 20, रीवा में 19 और इंदौर में 17 महिलाएं अपना भाग्य चुनाव में आजमा चुकी हैं। प्रदेश में नए परिसीमन के बाद 2004 से कुछ क्षेत्रों के नए नामकरण हो गए हैं, उन क्षेत्रों में अभी तक 2 से 4 महिला उम्मीदवार चुनाव में अपना भाग्य आजमा चुकी हैं। वैसे 1996 के चुनाव में प्रदेश से 75 महिला उम्मीदवारों ने चुनाव में खड़ा होकर एक रिकॉर्ड बनाया था। सबसे कम यानी एक मात्र उम्मीदवार दमोह से 1971 में खड़ी हुई थी, जो न्यूनतम महिला उम्मीदवार का रिकॉर्ड है। जहां तक सफलता का सवाल है प्रदेश में सर्वाधिक बार चुनाव में विजयी होने का रिकॉर्ड सुमित्रा महाजन का आठ बार का है वहीं, विजयाराजे सिंधिया 7 बार विजयी रही हैं, मिनिमाता अगमदास गुरु 5 बार, उमा भारत 5 बार, सहोदरा बाई 4 बार और कुमारी पुष्पा देवी 3 बार विजयी रही हैं। वहीं केशर कुमारी, विद्यावती चतुर्वेदी, विमला वर्मा, मैमुना सुल्ताना, यशोधरा राजे और सुषमा स्वराज दो-दो बार जीती हैं। महिला आरक्षण बिल पास होने के बाद अब नए सिरे से परिसीमन होगा और सीटों में वृद्धि होगी।

## एक अप्रैल से 10 हाइवे पर महंगा होगा सफर

**भोपाल (काप्र)।** प्रदेश के 10 नेशनल हाईवे और स्टेट हाइवे पर एक अप्रैल से निजी वाहन में सफर करने पर महंगाई का झटका लगेगा। इन मार्गों में 4 नेशनल हाईवे और 6 स्टेट हाइवे के रूट हैं जहां चार पहिया वाहनों में एक से लेकर साढ़े सात फीसदी तक अधिक टोल टैक्स चुकाना पड़ेगा।

मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन ने इन मार्गों पर टोल टैक्स राशि में वृद्धि को सहमति दे दी है। इसके बाद एक कार पर तीन से चार रुपए तक टोल टैक्स बढ़ जाएगा। हालांकि, इस बीच एमपीआरडीसी ने 92 मार्गों पर एक रुपए भी टोल टैक्स नहीं बढ़ाने का फैसला कर इन मार्गों से गुजरने वालों के लिए राहत भी दी है।लोक निर्माण विभाग के अधीन प्रदेश में 102 मार्ग ऐसे हैं जिन पर टोल टैक्स की वसूली की जाती है। इसमें से 92 मार्ग में कई बढ़ोतरी नहीं की गई है जबकि दस मार्गों पर टोल टैक्स बढ़ाया गया है। एमपीआरडीसी के एमडी अविनाश लवानिया बताते हैं कि 92 मार्ग पर टोल न बढ़ाकर लोगों को राहत देने का काम किया गया है और जहां टोल टैक्स बढ़ रहा है उन मार्गों पर निर्माण की शर्तों के चलते टैक्स बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि टोल टैक्स में वृद्धि वाले चार मार्ग नेशनल हाईवे के हैं। इसमें थोक मूल्य सूचकांक के अंतर्गत एक प्रतिशत से साढ़े तीन प्रतिशत की वृद्धि की गई है। वहीं छह अन्य मार्ग स्टेट हाइवे के हैं जिनके टोल टैक्स में सात प्रतिशत तक की वृद्धि की गई है। नेशनल हाईवे में होल सेल प्राइस इंडेक्स (थोक मूल्य सूचकांक) के आधार पर टोल टैक्स के रेट बढ़ाए जाते हैं। दूसरी ओर स्टेट हाईवे के मार्ग जो एमपीआरडीसी की देखरेख में संचालित हैं, उनके निर्माण के दौरान समय समय पर टोल टैक्स रेट में वृद्धि का प्रस्ताव था। ये सडकें जब बीओटी में बनाई गई थीं तभी यह शर्त तय की गई थी कि हर साल एक अप्रैल से टोल रेट में वृद्धि की जाएगी। अगर आप भोपाल से देवास मार्ग पर एमपीआरडीसी की रोड से सफर करते हैं तो पहले बैरियर फंदा पर आपको कार, जीप के 35 रुपए चुकाने पड़ेंगे।

## मतदान केंद्रों में मतदाताओं की संख्या 1500 से अधिक वहां बनाए गए सहायक केंद्र

**भोपाल ( काप्र )।** मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनावों के मद्देनजर सहायक मतदान केंद्रों को लेकर तैयारी पूरी कर ली है। इस बार प्रदेश में कुल 356 सहायक मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि मतदाताओं की सुविधा के लिए जिन मतदान केंद्रों में मतदाताओं की संख्या 1500 से अधिक है, वहां सहायक मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। भारत निर्वाचन आयोग की अनुमति से प्रदेश में कुल 356 सहायक मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

प्रदेश के विधानसभा क्षेत्र जौरा, भितरवार, चंदेरी, खुरई, सागर, राजनगर, धौहनी, मुड़वारा, जबलपुर केंट, सिहोरा, सिवनी, सौंसर, विदिशा, बासौदा, शमशाबाद, इच्छावर, सीहोर, ब्यावरा, शाजापुर, भगवानपुरा, इंदौर-3, रतलाम सिटी, जावरा और सुवासरा में एक-एक सहायक मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र ग्वालियर पूर्व, छतरपुर, सिंगरौली, गाडरवारा, देवास, खरगोन, सेंधवा, झाबुआ और नागदा-खाचरौद में दो-दो सहायक मतदान केंद्र स्थापित किये गये हैं। विधानसभा क्षेत्र ग्वालियर ग्रामीण, राघौगढ़, भोपाल दक्षिण-पश्चिम, मंदसौर में तीन-तीन और गुना-छिंदवाड़ा, भोपाल मध्य, बड़वाह व इंदौर-4 में चार-चार, ग्वालियर, ग्वालियर दक्षिण, डबरा एवं बैरसिया में पांच-पांच सहायक मतदान केंद्र बनाए गए हैं। विधानसभा क्षेत्र जबलपुर पूर्व में सात, नरेला व देपालपुर में आठ-आठ, उज्जैन दक्षिण व उज्जैन उत्तर में नौ-नौ, इंदौर-1 में 18, इंदौर-2 में 18, सांवेर में 19, डॉ. अम्बेडकर नगर (महू) में 20, हुजूर में 29, इंदौर-5 में 50 और विधानसभा क्षेत्र राऊ में 53 सहायक मतदान केंद्र बनाए गए हैं।